सत्यमेव जयते

**राजस्थान राजपत्र**
**विशेषांक**

**साधिकार प्रकाशित**

**RAJASTHAN GAZETTE**
**Extraordinary**

**Published by Authority**

आषाढ़ 05, गुरूवार, *शाके* 1947- जून 26, 2025
*Asadha 05, Thursday, Saka 1947- June 26, 2025*

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

कार्यालय सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवं नि.) अजमेर

**अधिसूचना**

अजमेर, जून 05, 2025

**D. 365:** भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 अनु-164 एवं भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 (केन्द्रीय अधि. 13/1885) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.2.2004 जिसे राजस्थान के राजपत्र में दिनांक 08.03.2004 को एस.ओ. 408 पृष्ठ 393 (13) भाग 4(जीए) तदोपरान्त राजस्थान सरकार द्वारा जारी संशधित अधिसूचना सं. एफ.15 (4) ऊर्जा/2017दिनांक 03.10.17 जिसे राजस्थान राजपत्र में दिनांक 09.10.2017 को प्रकाशित किया गया। जिसके अनुसार सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र. एवं. नि.) रारावितिनि, अजमेर/जयपुर/जोधपुर को उनके अधिकार क्षेत्र में बिजली के प्रसारण के लिए या काम के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से बिजली की लाइनों या बिजली संयत्रों को खड़ा करने के लिए मार्ग-अधिकार अथार्त राइट ऑफ़ वे की उपयुक्त मंजूरी जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिनियम की प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरित सक्षम अधिकारी द्वारा बिजली की आपूर्ति हेतु **220 केवि ग्रिड सबस्टेशन बेगूं से 132 केवि ग्रिड सबस्टेशन बस्सी तक 132 केवि द्वि परिपथिय बेगूं (220 केवि ग्रिड सबस्टेशन)- बस्सी (132 केवि ग्रिड सबस्टेशन) लाइन के निर्माण कार्य हेतु** मार्ग-अधिकार अथार्त राइट आफ वे की उपयुक्त मंजूरी जारी करते है। उक्त एकल परिपथ लाईन अबनिम्नलिखित गांवो की सीमा/राजस्व क्षेत्र के भीतर से गुजरेगी।

| क्र. सं. | गांवो के नाम | क्र. सं. | गांवो के नाम | क्र. सं. | गांवो के नाम | क्र. सं. | गांवो के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस्सी | 10 | पिपलियांखुर्द | 19 | नाथावलाकाखेड़ा | 28 | बर्नियास |
| 2 | नेगडियाखुर्द | 11 | हमेपुर | 20 | मकनपुरा | 29 | हरपुरा |
| 3 | बिहारीपुरा | 12 | केरपुरा | 21 | दुवावा | 30 | केरपुरा |
| 4 | सोनगर | 13 | देवलछ | 22 | सोक्या | 31 | गोपालपुरा |
| 5 | छापियाखेड़ी | 14 | रतनपुरा | 23 | सहारा | 32 | अमरतिया |
| 6 | दहीखेड़ा | 15 | जोधपुरिया | 24 | इटावा | 33 | तुम्बा |
| 7 | जयसिंहपुरा | 16 | राजगढ़ | 25 | पारसोली | 34 | तेजपुर |
| 8 | सुवावा | 17 | देवीपुरा | 26 | दुगार | | |
| 9 | लक्ष्मीपुरा | 18 | रूपाखेड़ा | 27 | दौलतपुरा | | |

लखपत लाल मीणा,

**सम्भागीय मुख्य अभियन्ता रा.रा.वि.प्र.नि.लि, अजमेर।**



**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**